संक्षिप्त समाचार

उमर और शरजील को दूसरी बार भी नहीं मिली जमानत



नई दिल्ली, जेएनएन। उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को अदालत से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया। इस फैसले के बाद दोनों आरोपियों को फिलहाल जेल में ही रहना होगा, मामले की सुनवाई आगे भी जारी रहेगी। दोनो आरोपियों ने कोर्ट में दूसरी बार जमानत अर्जी लगाई थी। इससे पहले उनकी जमानत याचिका को 5 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। आरोपियों की नई जमानत अर्जी में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 6 महीने बाद भी मामले में कोई खास प्रोग्रेस नहीं हुई है। साथ ही उमर खालिद और शरजील इमाम पिछले 6 साल से जेल में हैं।

टीएमसी को एक और झटका

ममता की करीबी चंदिमा ने भी छोड़ दी टीएमसी

कोलकाता, जेएनएन। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पहले ही संकट से जूझ रही तृणमूल कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बेहद करीबी और टीएमसी की 'राइट हैंड' मानी जाने वाली चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे दिया है। टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को एक पत्र लिखकर अपने इस फैसले की जानकारी दी है। भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि वे न केवल सांगठनिक पदों से मुक्त हो रही हैं, बल्कि उन्होंने पार्टी के महत्वपूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक फैसलों से जुड़ी 'साइनिंग अथॉरिटी' के पद से भी तत्काल प्रभाव से कदम पीछे खींच लिए हैं।

बेंगलुरु डे-केयर मामला

बच्चों को वॉशरूम जाने से लग रहा डर: पैरेंट्स

बेंगलुरु, जेएनएन। बेंगलुरु के डे-केयर सेंटर में बच्चों से बदसलूकी मामले में नया खुलासा हुआ है। वायरल वीडियो में जिस बच्ची के साथ बेहरमी की गई। पुलिस ने उसके पैरेंट्स से पूछताछ की। मां ने बताया कि उनकी बेटी के मन में डर बैठ गया। वह बाथरूम जाने से मना करती, रोने लगती और वहां से भाग जाती थी। बच्ची में यह बदलाव डे-केयर सेंटर में डालने के दो महीने बाद ही दिखने लगा था। वहीं एक तीन साल के बच्चे के माता-पिता ने बताया कि उनके बेटे के व्यवहार में भी बदलाव दिखा। वह डे-केयर में कुछ केयरगिवर्स की आवाज सुनकर कांप और सहम जाता था। दरअसल 1 जुलाई को बेंगलुरु की आईटी कंपनी कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस स्थित डे-केयर सेंटर का वीडियो सामने आया था जिसमें बच्चों को टॉयलेट में बंद कर दिया गया था। चेहरे पर जेट स्प्रे से पानी डाला गया और वॉशिंग मशीन में बिठाया गया था।

ब्रिटेन में हिंदुओं को झटका

कैम्ब्रिजशायर में मंदिर बनाने का सपना टूटा

लंदन, जेएनएन। ब्रिटेन के कैम्ब्रिजशायर में रहने वाले हिंदुओं को झटका लगा है। वह काउंटी में अपनी पहला मंदिर बनाने की कोशिश में नाकाम रहे हैं। स्थानीय काउंसिल ने नॉर्थस्टो शहर में धार्मिक गतिविधियों के लिए हिंदू समुदाय की बजाय एक चर्च और मुस्लिम समूह को जमीन दी है। साउथ कैम्ब्रिजशायर डिस्ट्रिक्ट काउंसिल ने नॉर्थस्टो (एनसीएन) चर्च नेटवर्क को 999 साल के लिए 0.25 हेक्टेयर जमीन लीज पर दी है। स्थानीय निवासियों के हिंदू समाज नॉर्थस्टो (एचएसएन) ने भी इस जमीन के लिए बोली लगाई थी। बोलियों का आकलन करने वाले काउंसिल अधिकारियों ने एचएसएन की बोली को 65% और एनसीएन की बोली को 81% अंक दिए, इसलिए जमीन एनसीएन को मिलेगी। कैम्ब्रिजशायर में कई चर्च और मस्जिदें हैं लेकिन एक भी हिंदू मंदिर नहीं है। हिंदुओं को पूजा-अर्चना के लिए बर्मिंघम या वेम्बली तक दो घंटे का सफर करना पड़ता है।

21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट दृढ़ इच्छाशक्ति से टला: प्रधानमंत्री मोदी

पीएम ने राजस्थान रिफाइनरी और गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

बालोतरा, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान दौरे पर थे। जोधपुर में एयरपोर्ट टर्मिनल के नए भवन और बालोतरा में पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पश्चिमी एशिया में हुए युद्ध के कारण 21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। इस दौरान भारत की दृढ़ शक्ति के कारण सबसे बड़ा संकट भी छोटा हो गया। भारत ने अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल किया। युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए, उसके कारण घरेलू गैस के दाम 2 हजार रुपए तक जा सकते थे। सरकार ने इसको लेकर बेहतर मैनजमेंट किया जिससे सिलेंडर 950 रुपए के करीब मिल रहा है। प्रधानमंत्री राजस्थान के दौरे पर रहे। दोपहर करीब 12 बजे वह बालोतरा के पचपदरा पहुंचे। यहां देश की सबसे आधुनिक रिफाइनरी के कंट्रोल रूम को देखा और एक्सपर्ट्स से बात की। इसके बाद रिफाइनरी का उद्घाटन किया। जयपुर मेट्रो के फेज-2 की आधारशिला भी रखी। इससे पहले सुबह करीब 10.40 बजे जोधपुर पहुंचे यहां उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।

'भाजपा जो प्रोजेक्ट शुरू करती है, पूरा करके दम लेती है'

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना यह दिखाता है भाजपा सरकार के प्रयासों पर आपका विश्वास कितना बुलंद है। मैं इस समर्थन के लिए राजस्थान की माटी का ऋणी हूं। आज राजस्थान की इस धरती से भारत ने विकसित होने, आत्मनिर्भर होने की दिशा में बहुत बड़ा कदम उठाया है। आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं का शिलान्यास करके नहीं छोड़तीं। हम उनको पूरा करने में दिन-रात एक कर देते हैं।

मोबाइल निर्यात करने वाला भारत दूसरे नंबर पर

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में देश के तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया। साणंद में स्थित सीजी सेमी के ओएसएटी प्लांट में आज से प्रोडक्शन शुरू हो गया है। पीएम ने कहा- इस प्लांट में हर साल 20 करोड़ चिप बनेंगी। यहां पर हर साल 500 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्ट करने वाला देश है। हम मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट के साथ वह चिप भी बनाएंगे जिनसे पूरी दुनिया चलती है। उन्होंने कहा- 20 साल पहले मैंने गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने के लिए पूरी प्लानिंग बनाई। उस समय की केंद्र सरकार बड़े बयान दे रही थी तो कई कंपनियां आईं भी लेकिन केंद्र सरकार को उस समय क्या हो गया, उनके पैरों में बेड़ियां लग गईं और बात आगे नहीं बढ़ पाई।

पूर्व सीएम चन्नी ने हाईकमान को दिखाए तीखे तेवर, पंजाब कांग्रेस में टूट का डर

प्रधान वडिंग बोले, पिछला चुनाव लड़े नेताओं की टिकट कटेगी

लुधियाना, जेएनएन। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की तरह पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही टूट के आसार बने हुए हैं। सांसद राजा वडिंग को प्रधान बनाए रखने को लेकर पूर्व सीएम व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी के बगावती तेवर देख कांग्रेस हाईकमान एक्टिव हो गया है। चन्नी के करीबी सोर्स के मुताबिक नेता ने भरोसा दिलाया कि राहुल गांधी 7 जुलाई को विदेश से लौट आएंगे, उसके बाद चन्नी की उनसे मीटिंग करा दी जाएगी। वहीं इस मामले में कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा मैं जन्म से कांग्रेसी हूं, मुझे पता है कि कांग्रेस के नियम क्या है।

दिल्ली में बैठे लोग जिम्मेदार: सांसद रंधावा

पंजाब कांग्रेस में प्रधान पद को लेकर मचे विवाद के बीच सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पहली बार खुलकर पार्टी हाईकमान पर सवाल उठाए हैं। रंधावा ने कहा कि कई दौर की बैठकों, लंबी मशक्कत और नेताओं से अलग-अलग बातचीत के बावजूद आखिर वही फैसला लागू किया गया, जो ऐसे में पूरी कवायद का कोई औचित्य नहीं था। अगर यही निर्णय लेना था तो हाईकमान को पहले दिन ही साफ शब्दों में एक लाइन का आदेश जारी कर देना चाहिए था।

शी जिनपिंग ने दो नए जनरल नियुक्त किए

बीजिंग, जेएनएन। चीन के राष्ट्रपति और चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष शी जिनपिंग ने बीजिंग में हाल ही में जनरल के पद पर पदोन्नत हुए दो अधिकारियों के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। 3 जुलाई को, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव, चीन के राष्ट्रपति और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स के कमांडर झांग शुगुआंग और वांग गैंग को जनरल का पद प्रदान करने के समारोह की अध्यक्षता की। साथ ही, झांग शुगुआंग को केंद्रीय सैन्य आयोग के अधीन भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी का प्रमुख नियुक्त किया गया।

खामेनेई को अंतिम विदाई: लाखों पहुंचे, बदला- बदला के नारे लगाए

तेहरान, जेएनएन। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए शनिवार को लाखों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे। परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाते दिखे। इस दौरान लोगों ने 'खून बहेगा', 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'बदला, बदला' जैसे नारे भी लगाए। तेहरान में 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेगी। तेहरान में देश के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को भारी भीड़ उमड़ी है। तेहरान के मोसल्ला स्थित मस्जिद में लोगों की संख्या बढ़ने की वजह से समारोह स्थल के उत्तरी दरवाजे खोल दिए गए हैं।

खून बहेगा पोस्टर के साथ मातम मनाते दिखे लोग

अंतिम संस्कार के लिए एक हफ्ते का समय: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान को उनके सुप्रीम लीडर रहे अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ ईरान समझौता करने को बेताब है। ट्रंप ने अमेरिका की स्थापना के 250 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर ये बातें कही हैं।

केतन हत्याकांड: सिया-चेतन 14 दिन येरवदा जेल में रहेंगे

पुणे, जेएनएन। पुणे की वडगांव अदालत ने शुक्रवार को केतन अग्रवाल की हत्या के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों को पुणे की येरवदा जेल में रखा जाएगा। पुलिस ने दोनों की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। कोर्ट में पेशी के दौरान सिया और चेतन ने नार्को (पॉलीग्राफ) टेस्ट से साफ इनकार कर दिया था। हालांकि एक दिन सिया के वकील ने पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सिया की सहमति होने का बात कही थी। वडगांव कोर्ट के जज एएम विभूते ने कहा कि आरोपियों की सहमति के बिना यह टेस्ट नहीं किया जा सकता, इसलिए अब उनका नार्को टेस्ट नहीं होगा। सिया और चेतन पर आरोप है कि उन्होंने केतन को 18 जून को पुणे के लोहगढ़ फोर्ट से धक्का देकर मार डाला था। केतन और सिया की शादी इस साल नवंबर में होने वाली थी।

सिया का एक और मोबाइल जब्त: जांच में खुलासा हुआ है कि सिया और चेतन ने हत्या की साजिश रचते समय बातचीत के लिए 'कोडवर्ड' का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से डिलीट किया गया बड़ा डेटा रिकवर कर लिया है और उसमें इस्तेमाल की गई सांकेतिक भाषा को डिकोड करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। दोनों की चैट में कोड वाली भाषा है, जिसमें निकनेम और इमोजी शामिल हैं, जिनका मतलब सिर्फ आरोपी ही बता सकते हैं। पुलिस ने सिया के घर से एक और मोबाइल जब्त किया है।

बायोपिक से वापसी करेंगी सेलिना

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टर निवेदिता' के जरिए हिंदी सिनेमा में कमबैक कर रही हैं, जिसमें वह एक नन के किरदार में नजर आएंगी। एक इमोशनल बातचीत की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल जिंदगी के उन गहरे जख्मों और दुखों को बयां किया, जिन्होंने उनके पूरे वजूद को हिलाकर रख दिया था। अपनों को खोने के गम को याद करते हुए सेलिना बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि कैसे माता-पिता की मौत, अपने जुड़वां बच्चों में से एक को खोने का सदमा और भाई के जेल में होने के दर्द ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जिंदगी से हार नहीं मानी। जिंदगी के इन बेहद कठिन और खौफनाक दौर का सामना करने के एक्सपीरियंस को शेयर करते हुए सेलिना का दर्द साफ छलक उठा। जेटली ने कहा, कभी-कभी ऐसा महसूस होता है जैसे मैं किसी ऐसी स्क्रिप्ट का हिस्सा बन गई हूं, जिसे मैंने अपनी मर्जी से कभी चुना ही नहीं था। सेलिना अपने आंसू नहीं रोक पाईं और नम आंखों से उन्होंने उस बेबसी का जिक्र किया जिससे वह हर दिन गुजरती हैं। उन्होंने बताया, कई बार ऐसा होता है जब मैं आधी रात को अचानक जाग जाती हूं। उस वक्त दिमाग में सिर्फ यही ख्याल आता है कि बस, अब मैं और आगे नहीं बढ़ सकती।

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION AFFORDABLE FEES A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology
• Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

गाँधी पी.आर. महाविद्या
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COURSE)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 942534623
9893194695, 9981291288
पताः डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcol

दैनिक जागरण वर्गीकृत
जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा

BHOPAL EGG RATE 660/-

Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल
ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [नियम 8 (6) का परन्तुक देखें]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा निम्नवर्णित दिनांक को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

खाते / ऋणी का नाम एवं पता	बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि
अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 7024115024			
ऋणी एवं बंधककर्ता- (1) **मेसर्स ओ पी गोल्ड स्मिथ** प्रोप. श्री प्रमोद सोनी पुत्र श्री ओम प्रकाश सोनी एवं (2) **श्री प्रमोद सोनी** पुत्र ओम प्रकाश सोनी जमानतदार: (1) **श्री दिलीप सोनी** पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी (2) **श्री निर्मल कुमार गांधी** पुत्र श्री घनश्याम दास गांधी	फ्लैट नंबर 21-टी, प्लॉट नंबर 11, तीसरी मंजिल, अंगना परिसर, लखेरापुरा, भोपाल, म.प्र. क्षेत्रफल- 411.79 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री दिलीप कुमार सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी एवं श्री प्रमोद कुमार सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी चतुंसीमाएं: उत्तर: कॉमन पैसेज और फ्लैट नंबर टी-22, दक्षिण: बनवारीलाल और ओमप्रकाश वर्मा का मकान, पूर्व: फ्लैट नंबर टी-20, पश्चिम- छगन लाल की संपत्ति भौतिक कब्जा	19.06.2024 / 04.09.2024 / दिनांक 19/06/2024 को ₹ 14,85,000/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 13,60,000/- / ₹ 1,36,000/- / ₹ 10,000/-
नसरुल्लागंज शाखा, जिला-सीहोर फोन : 7024115062			
ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री अमर सिंह मीना** **श्री भंवर सिंह मीना** जमानतदार: श्री विजय सिंह मीना	एक आवासीय डायवर्टेड मकान निर्मित क्षेत्रफल- 1292 वर्गफीट और यह पूरी संपत्ति एक एकड़ यानी 0.12 हेक्टेयर भूमि में शामिल है, प.ह.नं. 56, सर्वे नं. 151/2 और 152/2, गांव चांदा ग्रहण, तहसील नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र.) क्षेत्रफल-1292 वर्गफीट, चतुंसीमाएं: उत्तर:15 फीट गली, दक्षिण: 8 फीट गली, पूर्व: चेतराम की भूमि, पश्चिम: श्याम लाल की भूमि	25/07/2023 / 03/02/2024 / दिनांक 25/07/2023 को ₹ 13,51,801/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 19,68,000/- / ₹ 1,96,800/- / ₹ 10,000/-
सांची शाखा, सांची फोन : 7024115081			
ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री रघुवीर सिंह मीना पुत्र श्री बादाम सिंह मीना** **श्रीमती प्रीति बाई मीना पत्नी श्री रघुवीर सिंह मीना**	आवासीय संपत्ति स्थित आदर्श नगर कॉलोनी, सर्वे क्रमांक 203/1/1/2 का भाग, सलामतपुर, जिला रायसेन (म.प्र.) (क्षेत्रफल 920 वर्ग फीट) चतुंसीमाएं: - उत्तर: प्लॉट क्रमांक 30, दक्षिण: प्लॉट क्रमांक 32, पूर्व: कॉलोनी रोड, पश्चिम: अन्य पक्ष की भूमि	28/02/2024 / 30/05/2024 / दिनांक 28/02/2024 को ₹ 12,54,832/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 12,48,000/- / ₹ 1,24,800/- / ₹ 10,000/-
परी बाजार शाखा, भोपाल फोन : 7024115068			
ऋणी- **श्री ललित मोटवानी पुत्र स्व. प्रहलाद मोटवानी**	दुकान नं. 7, मकान नं. 4-डी, नया वार्ड नं. 07, इन्दिरा गांधी चौराहा, नादरा काम्पलेक्स के पास, भोपाल क्षेत्रफल-138 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्री ललित मोटवनी पुत्र स्व. प्रहलाद मोटवानी चर्तुसीमाएं- पूर्व- दुकान नं. 6, पश्चिम- दुकान नं. 8, उत्तर- कॉरिडोर, दक्षिण- अन्य का भूमि भौतिक कब्जा	06.03.2025 / 08.08.2025 / दि. 06.03.2025 को ₹ 7,46,277/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 11,04,000/- / ₹ 1,10,400/- / ₹ 10,000/-
अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 7024115024			
ऋणी: **मेसर्स मेटश्योर लाइफ केयर** पार्टनर्स एवं जमानतदार- **श्री योगेश मालवीय** पुत्र एम.एल. मालविया एवं **श्रीमती रितु मालविया** पत्नि योगेश मालविया (पर्सनल गारंटी)	ऑफिस नं. FF-09, प्रथम तल, खसरा क्रमांक 226/1 का भाग, राजा भोज आर्केड, संत आशाराम नगर, ग्राम- बागसेवनिया वार्ड नं. 53, कोलार भोपाल म.प्र. क्षेत्रफल: 338 वर्गफुट संपत्ति मालिक- मेसर्स मेटश्योर लाइफ केयर, पार्टनर्स - श्री योगेश मालवीय पुत्र एम.एल. मालवीय और श्रीमती रितु मालवीय पत्नि योगेश मालवीय चर्तुसीमाएँ: उत्तर: गलियारा पश्चात मेन रोड, दक्षिण: खुला पार्क, पूर्व: ऑफिस नं. FF-10, पश्चिम: ऑफिस नं. FF-08,	03.05.2025 / 22.07.2025 / ₹ 2,00,09,199/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 21,63,000/- / ₹ 2,16,300/- / ₹ 10,000/-
आष्टा शाखा, आष्टा फोन : 7024115027			
ऋणी : **श्री घनश्याम जांगडा पुत्र मोतीलाल जांगडा,** जमानतदार: **श्री मोतीलाल जांगडा पुत्र गोविंदराम**	दो मंजिला मकान, नगरपालिका क्रमांक 112 (पुराना मकान क्रमांक 10), वार्ड क्रमांक 03 (पुराना क्रमांक 02) मीरपुरा, अलीपुर, आष्टा, तहसील आष्टा, जिला सीहोर-म.प्र., क्षेत्रफल- 500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री मोतीलाल जांगड़ा पुत्र गोविंदराम जांगड़ा, **चर्तुसीमाएं:** उत्तर: थान सिंह का प्लॉट जो वर्तमान में सवाई सिंह का मकान है, दक्षिण: सड़क, पूर्व: गोटमल का मकान, पश्चिम: थान सिंह का मकान	06.06.2025 / 08.10.2025 / ₹ 2,05,557/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 7,70,000/- / ₹ 77,000/- / ₹ 10,000/-
बैरागढ़ शाखा, बैरागढ़ फोन : 7024115029			
ऋणी: **मेसर्स छाया केश्यू इंडस्ट्रीज** पार्टनर्स - 1. सुरभि मालचपुरे पुत्री श्री सरवन मालचपुरे 2. श्री समीर गुहे पुत्र श्री रत्नाकर गुहे	एक लीज होल्ड प्लॉट क्रमांक 26-डी, बदियाखेड़ी सीहोर एमपीआईएफसी सीहोर (म.प्र.) संपत्ति मालिक- सुरभि मालचपुरे पुत्री श्री सरवन मालचपुरे (सिर्फ भूमि एवं ढांचा मशीनरी शामिल नहीं) चतुंसीमाएं- पूर्व - प्लॉट नं. 25 ए और प्लॉट नं. 25 बी का भाग, पश्चिम - प्लॉट नं. 26 ए और मुख्य सड़क का भाग, उत्तर - प्लॉट नं. 26 ए एवं प्लॉट नं. 26 बी का भाग, दक्षिण-प्लॉट नं. 25 ए एवं मुख्य सड़क का भाग	05.06.2025 / 26.08.2025 / ₹ 97,29,957/- +ब्याज एवं खर्चे भौतिक कब्जा	₹ 45,65,600/- / ₹ 4,56,560/- / ₹ 10,000/-
इमामीगेट शाखा, भोपाल फोन : 7024115048			
ऋणी- **श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन** सहऋणी- **श्रीमती तस्लीम पत्नी सैयद मिनहाज उद्दीन**	फ्लैट नंबर एलएल-12, तीसरी मंजिल, साहिल अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर बी-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल, मप्र-462001, क्षेत्रफल-500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन, चर्तुसीमाएं: उत्तर: फ्लैट नंबर एसएल-11, दक्षिण: खुला प्लॉट नंबर बी-05, पूर्व: हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मकान नंबर बी-10, पश्चिम: फ्लैट नंबर एसएल-10 भौतिक कब्जा	05/12/2024 / 11/03/2025 / ₹ 13,44,831.81 +ब्याज एवं खर्चे	₹ 18,75,000/- / ₹ 1,87,500/- / ₹ 10,000/-
जेल रोड शाखा, भोपाल फोन : 7024115051			
ऋणी- 1. **श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा** पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा सहऋणी: 2. **श्री कमल विश्वकर्मा** पुत्र श्री बिहारी लाल विश्वकर्मा	SI-12 निर्मित क्षेत्रफल 665 वर्गफीट एसबीयू निर्मित क्षेत्रफल 895 वर्गफीट ''एच'' ब्लॉक, 6वीं मंजिल, शीतलधाम सर्वे खसरा नंबर, ग्राम समरधा, प.ह. नंबर 26, तहसील - हुजूर भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल -665.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं- पूर्व-ब्लॉक-जी, पश्चिम-शीतल धाम आंतरिक सड़क, उत्तर-शीतल धाम आंतरिक सड़क, दक्षिण-फ्लैट नंबर एसआई-11 भौतिक कब्जा	30/07/2024 / 18/10/2024 / ₹ 27,50,515.74/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 13,95,000/- / ₹ 1,39,500/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- **मेसर्स एम.जे. एसोसिएट्स** प्रोपराइटर-श्रीमती सलोनी जिवनानी पत्नि श्री महेश जिवनानी	दुकान नं. 06, भूतल, दुग्गल कॉम्पलेक्स, प्लाट नं. 14-बी, गोविन्द गार्डन, रायसेन रोड, वार्ड नं. 44, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-120 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर- दुकान क्रमांक 05, दक्षिण- दुकान क्रमांक 07, पूर्व- दुकान क्रमांक- 11, पश्चिम-10 फिट चौड़ी गली संपत्ति मालिक- श्रीमती सलोनी जिवनानी पत्नि श्री महेश जिवनानी भौतिक कब्जा	25/04/2022 / 12/09/2022 / ₹ 35,06,583.55 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	₹ 5,77,500/- / ₹ 57,750/- / ₹ 10,000/-
ऋणी: **श्री सुभाष मिश्रा पुत्र श्री निवास मिश्रा (प्रोपराइटर- मेसर्स सरस्वती फ्लोर मिल)**	संपत्ति मालिक- श्री सुभाष मिश्रा पुत्र श्री निवास मिश्रा इण्डस्ट्रिल डायवर्टेड भूमि पुराना खसरा नं. 155/1/, नया खसरा नं. 155/1/2 (s) कुल रकबा- 0.0465 हेक्टेयर ग्राम- सरवर प.ह.नं. 42, (वर्तमान प.ह.नं. 71) R.I. 04, ब्लॉक-फन्दा, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल-462042 (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- 12 फिट कच्चा रोड, पूर्व- सरकारी कच्चा रोड, पश्चिम- विक्रेता की संपत्ति की शेष भूमि	15.07.2025 / 26.09.2025 / दिनांक 15.07.2025 को ₹ 9636